# बीएचईएल ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच एनपीसीआईएल से रिएक्टर हैडर असेंबली का प्रतिष्ठित ऑर्डर प्राप्त किया

नई दिल्ली, 30 दिसंबर: बीएचईएल ने कड़ी प्रतिस्पर्धात्मक बोली में, न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) से 32 रिएक्टर हैडर असेंबली की आपूर्ति के लिए एक प्रतिष्ठित आदेश प्राप्त किया है।

एनपीसीआईएल से फ्लीट मोड क्रय के अंतर्गत यह आदेश प्राप्त किया है। इसके अंतर्गत भारत के स्वदेशी रूप से विकसित उच्चतम रेटिंग वाले 700 MWe दाबित भारी जल रिएक्टर (प्रेशराइज्ड हेवी वाटर रिएक्टर -पीएचडबल्यूआर) देश के चार भिन्न-भिन्न स्थानों पर स्थापित किए जाने हैं।

एनपीसीआईएल से उपकरणों की आपूर्ति हेतु फ्लीट मोड प्रोक्योरमेंट के अंतर्गत प्राप्त पहला आदेश होने के कारण यह महत्त्वपूर्ण है, इससे घरेलू विनिर्माण की गति को बल मिलेगा।

भारत सरकार ने वर्ष 2017 में 700 MWe पीएचडबल्यूआर के 10 परमाणु रिएक्टरों के फ्लीट मोड कार्यान्वयन को स्वीकृति प्रदान की थी। इन 10 परमाणु रिएक्टरों की स्थापना से माननीय प्रधान मंत्री के आत्मनिर्भर भारत अभियान को और अधिक गति मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि बीएचईएल को भारतीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के सभी तीन चरणों से जुड़े होने का गौरव प्राप्त है। बीएचईएल, एनपीसीआईएल को रिएक्टर हैडर, स्टीम टर्बाइन, स्टीम जेनरेटर, मोटर्स आदि की आपूर्ति करने वाला प्राथमिक आपूर्तिकर्ता है। अब तक भारत में 700 MWe पीएचडबल्यूआर आधारित न्यूक्लियर पावर परियोजनाओं के लिए सभी रिएक्टर हैडर असेंबली की आपूर्ति बीएचईएल द्वारा की गई है।

बीएचईएल ने न्यूक्लियर पावर परियोजनाओं के विभिन्न घटकों / उपकरणों के अंतरराष्ट्रीय कोड और मानकों के अनुपालन के लिए विशेष डिजाइन, विनिर्माण और परीक्षण आवश्यकताओं के अनूरूप अधोसंरचना और कुशल जनशक्ति को विकसित किया है। भारत में अब तक स्थापित लगभग 75% पीएचडबल्यूआर आधारित न्यूक्लियर पावर प्लांटों को टरबाइन और जेनरेटर सेट बीएचईएल द्वारा आपूर्ति किए गए हैं।

---